निफ्टम के छात्रों ने शिकागो विवि का दौरा किया

बहुत कुछ नया सीखा

वैभव न्यूज

नई दिल्ली। निफटम से बी.टेक व एम.टेक में पढाई कर रहे छात्रों को विदेश में जा कर सीखने की सुविधा दने का प्रयास संस्थान द्वारा किया जाता है। जिसके तहत प्रत्येक वर्ष के 5 चुने हुए श्रेष्ठ छात्रों को विदेशी विश्वविद्यालयों में भेजे जाने के लिए करार करते हुए सहमती पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके तहत छात्रों को विदेश में जा कर पढाई करने का अवसर मिलेगा, इनका वहां रहना, खाने-पीना और हवाई यात्रा सब निःशुल्क होगी। इस खर्च को संस्थान वहन करेगा। इससे पूर्व बीते जून 2013-14 व जून-2015 में यहां के 11 छात्र अमेरिका के प्रमुख विश्वविद्यालय नेब्रास्का लिंकन, 8 छात्र यूएसए की कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी और 13 छात्र कनाडा के सस्केचेवान विश्वविद्यालय का दौरा कर चुके है। इस वर्ष भी निफ्टम के आईएफएसएच विभाग के 16 छात्रों ने शिकागो का दौरा किया। विभागाध्यक्ष डॉ. के कृष्णमूर्ति ने बताया कि छात्रों के इस प्रकार के आदान प्रदान से काफी लाभ मिलता है। ■